दैनिक भास्कर 22/03/2024

छात्रों को पारंपरिक खेलों को डिजिटल रूप से लागू करने की जानकारी दी

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में कंप्यूटर विज्ञान विभाग व आईईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में पुराने खेल : डिजिटल अवतार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च के मनोहर लाल ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि पारंपरिक खेलों के डिजिटल परिवर्तन से गेम डेवलपर, उद्यमियों और व्यापारों के लिए व्यापारिक अवसर खुलते हैं, जिससे इन खेलों के आसपास गेमिंग सामग्री, उत्पाद, इवेंट्स और सेवाओं को बनाने और मोनेटाइज करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। मुख्य वक्ता मनोहर लाल ने विद्यार्थियों को पारंपरिक खेलों को डिजिटल प्रारूप में रूपांतरित करना, प्रौद्योगिकी की उन्नतियों का उपयोग करते हुए जैसे मोबाइल एप्लीकेशन, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी और खेलने की तकनीक से रूबरू कराया। कार्यशाला की संचालक प्राध्यापिका नीलम ने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को पारंपरिक खेलों को डिजिटल रूप से लागू करने के लिए विभिन्न मोड की जानकारी प्रदान की। इस दौरान कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. उपिंद्र कौर, डॉ. सुरजीत व प्राध्यापिका सुषमा शर्मा मौजूद रहे।